समाचार

राजस्व मंत्री बुधवार को करेंगे सघन वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ

(निगम द्वारा 14 जुलाई को विवेकानंद उद्यान के समीप रखा गया कार्यक्रम)

कोरबा 13 जुलाई 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 14 जुलाई बुधवार को निगम के सघन वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ कर वृक्षारोपण करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विवेकानंद उद्यान के समीप फोरलेन सड़क, कोरबा–दर्री मार्ग पर सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम बुधवार को अपरांह 2.30 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल सघन वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ करेंगे तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की जाएगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण एवं एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए पौधों का रोपण करेंगे।